राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'दीपावली' के सुअवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 06 नवम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 'दीपावली' के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने 'संदेश' में कहा है कि भारतीय संस्कृति में 'प्रकाश–पर्व' के रूप में विख्यात 'दीपावली' हमें अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और मृत्यु से अमरत्व की ओर अभिमुख होने की प्रेरणा देती है।

राज्यपाल ने अपने 'शुभकामना–संदेश' में कहा है कि यह त्योहार बाह्य जगत् को प्रकाशित करने के साथ–साथ हमें अपने अंतःकरण को भी प्रेम, भाईचारा और आनंद से आलोकित करने का पावन संदेश देता है। राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता, देशभक्ति और सामाजिक सद्भावना भी इस त्योहार के माध्यम से सुदृढ़ और सशक्त होती है।

राज्यपाल श्री टंडन ने 'दीपावली' के पुनीत अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सबके सुखी और समृद्धिपूर्ण जीवन की मंगलकामना की है।

....